मेरा खाटूवाला श्याम बदलता तकदीरें लिरिक्स

कभी जल्दी जल्दी,
कभी धीरे धीरे,
मेरा खाटूवाला श्याम,
बदलता तकदीरें,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बदलता तकदीरें।bd।

कहते है कोई बदल ना पाया,
है किस्मत की रेखा,
पर ये करिश्मा हमने श्याम को,
रोज ही करते देखा,
तभी तो ये दुनिया,
दीवानी इसकी रे,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बदलता तकदीरें।bd।

दीन दुखी जो भी आते है,
मेरे श्याम के द्वारे,
बारी बारी से भक्तो के,
इसने काज सँवारे,
यही पे तो भरती,
झोलियां सबकी रे,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बदलता तकदीरें।bd।

अगर भरोसा सच्चा हो तो,
काम बने हर पल में,
देर उन्ही को लगती,
जिनके शंका होती मन में,
कहे 'सोनू' रखो,
भावना सच्ची रे,
Bhajan Diary Lyrics,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बदलता तकदीरें।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कभी जल्दी जल्दी,
कभी धीरे धीरे,
मेरा खाटूवाला श्याम,
बदलता तकदीरें,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बदलता तकदीरें।bd।

Singer – Varsha Garg

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com